अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 3 अक्तूबर 2018

PAGE NO. 08 : BOTTOM RIGHT

एसआरएमएस ने 739 छात्रों को दी तीन करोड़ की छात्रवृत्ति

एसआरएमएस में हुआ छात्रवृति वितरण समारोह।

राम मूर्ति की 30वीं पुण्यतिथि पर वितरित की गई छात्रवृत्ति

बरेली। स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व मंत्री राम मूर्ति की 30वीं पुण्यतिथि के मौके पर श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर ट्रस्ट के महाविद्यालयों में अध्ययनरत 739 विद्यार्थियों को तीन करोड़ की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। 24 टॉपर्स के अलावा अन्य विद्यार्थियों को 20 से 35 हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस मौके पर महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी मनाई गई। राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने स्वर्गीय राम मूर्ति के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि प्रधान आयकर आयुक्त बरेली मंडल शिशिर अग्रवाल रहे। ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज एंड टेक्नोलॉजी के प्राचार्य डॉ. एसबी गुप्ता व अन्य ने भी राम मूर्ति के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। चेयरमैन देव मूर्ति ने बताया कि छात्रवृत्ति की शुरुआत 11 विद्यार्थियों से हुई थी जो आज 739 पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि संस्था का विश्वविद्यालय बनाने की तैयारी है, जिसका प्रस्ताव जल्द शासन को भेजा जाएगा। छात्रों के लिए थिंक लैब भी बनाई जाएगी। इंजीनियर आशीष कुमार ने संस्था की उपलब्धियां गिनाईं। कहानी प्रतियोगिता में 17 प्रदेश के कहानीकारों ने हिस्सा लिया। विजेता को 11 हजार का पुरस्कार दिया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। इसके बाद बरेली और लखनऊ स्थित ट्रस्ट के कॉलेजों के 739 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई। ब्यूरो